Model Paper

Time: 2:30 Hrs. Class 5 M.M. 60

Subject- Hindi

नोटः-- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रश्न-1. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 10

(क) शास्त्री जी ने लाइनमैन की तरक्की क्यों कर दी?

(ख) रमईया का सपना क्या है?

(ग) आग लगने पर नन्ही गौरैया क्या कर रही थी?

(घ) स्वामी जी द्वारा फलों का मूल्य दिए जाने पर जापानी युवक ने क्या कहा?

(ड) राजा ने साधु से मिलने के लिए क्या किया?

प्रश्न- 2. निम्नलिखित पंक्ति का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए। 5

दिन-भर,रजनी-भर,जीवन-भर,धोता वसुधा काअंतस्तल,

प्रश्न- 3. अपनी पाठ्य पुस्तक से याद की हुई 4 लाइन की कविता लिखिए।

(जो इस प्रश्न पत्र में न आई हो)। 3

प्रश्न- 4. निम्नलिखित शब्दों का अर्थ लिखिए। 5

गौरव वत्सल प्रतिष्ठा स्तब्ध मृदुल,

प्रश्न- 5. निम्नलिखित शब्दों को वाक्य में प्रयोग करिए। 5

दयालु कोमल चतुर सुरक्षा बल

सपने देखना आग बुझाना।

प्रश्न- 6. निम्नलिखित शब्दों का विलोम लिखिए? 5

पराजय दुर्लभ दंड श्रेष्ठ आकाश

प्रश्न- 7. निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी (शुद्ध रूप से) लिखिए। 5

परतीशठा आर्थीक बूद्धीमान तामासा

आसीरवाद

प्रश्न- 8. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए। 5

पर्वत जल आकाश वसुधा नदी

प्रश्न- 9. कॉलम क को कॉलम ख, के वाक्यों से मिलाकर सही क्रम में लिखिए।5

क	**ख**
पर्वत	कभी धैर्य ना छोड़ो
सागर	ढक लो तुम सारा संसार
तरंग	मन में गहराई लाओ
पृथ्वी	हृदय में मृदुल उमंग भर लो
नभ	ऊंचे बन जाओ

प्रश्न-10. निम्नलिखित महापुरुषों के लोकप्रिय नारे लिखिए। 5

क. महात्मा गांधी

ख. जवाहरलाल नेहरू

ग. लाल बहादुर शास्त्री

घ. सुभाष चंद्र बोस

ड. लोकमान्य तिलक

प्रश्न-11. निम्नलिखित वाक्य किस भारत के पूर्व राष्ट्रपति ने कहा था? 2

"सपने वह नहीं, जो आप सोते हुए देखते हैं। सपने वह होते हैं,जो आपको सोने नहीं देते।”

प्रश्न- 12. संज्ञा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 5

या

”हमारा विद्यालय” पर 10(दस) वाक्यों का निबंध लिखिए।

समाप्त